निनाद ललित कला समिति
छिन्दवाडा

अध्यक्ष–आनंद बक्षी

सतपुड़ा एक्सप्रेस

गजल संध्या में अश्वनी कुमार देंगे प्रस्तुति

सतपुड़ा न्यूज, छिंदवाड़ा।

निनाद ललित कला समिति के अध्यक्ष आनंद बक्षी ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गीत गजल संध्या 28 फरवरी दिन शुक्रवार रात्री 9 बज स्थानीय लालबहादुर शास्त्री स्कूल स्टेडियम के सामने आयोजित की गई है। इस वर्ष इस कार्यक्रम में हिंदुस्तान के मशहूर गजल गायक अश्वनी कुमार अपनी प्रस्तुति देंगे।

उनके साथ एस आर शिवलीकर सितार इकबाल अहमद गिटार तथा तबला संगत सतीश मिश्रा करेंगे यह उल्लेखनीय है कि यह आयोजन का तेरवा वर्ष है। आनंद बक्षी ने बताया कि इस अवसर पर छिंदवाड़ा की माटी को अपनी कृतित्व शक्ति से गौरवान्वित करने वाली विभूतियों का सम्मान होगा तथा स्वर्गीय नजीरूद्दीन चचा की स्मृति में बाल प्रतिभा को सम्मानित किया जावेगा। आनंद बक्षी ने बताया कि नवीन दूगड को कैंसर चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जावेगा। नवीन दूगड कैसर कर्क रोग का पिछले लंबे समय से सफलता पूर्वक उपचार कर रहे हैं।

विज्ञान के क्षेत्र में डॉ मेजर राकेश श्रीवास्तव को राष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस के प्रतिनिधित्व, विज्ञान संगोष्ठियों में प्रभावशील उद्बोधन, तथा वैज्ञानिक साहित्य में उल्लेखनीय लेखों के लिए सम्मानित किया जावेग। चिकित्सा एवं समाज सेवा के प्रतिष्ठित हस्ताक्षर डॉ आर एच बग्गा को उनकी चिकित्साएं सेवाएं, रोटरी क्लब के माध्यम से स्वास्थ्य शिविरों के सफल संचालन हेतु सम्मानित किया जावेगा। महिला जागृति एवं समाज सेवा में लंबे अरसे से कार्यरत विस्मिता शाह को उनके महिला उत्थान कार्यक्रमों तथा दीन दुखियों की सेवा के लिए सम्मानित किया जावेगा।

उर्दू साहित्य के मशहूर शायर मोहम्मद यूनुस को गजल लेखन एवं धार्मिक उर्दू शायरी नात, हम्द, तथा मुशायरों में शिरकत कर अपनी शायरी से उर्दू अदब की सेवा के लिए सम्मानित किया जावेगा। प्रतिवर्ष स्वर्गीय नजीरूद्दीन चचा की स्मृति में बाल प्रतिभा को सम्मानित किया जाता है, इस वर्ष यह सम्मान तरंग सिंह परिहार को मार्शल आर्ट में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक तथा प्रादेशिक स्तर पर स्वर्ण पदक सहित अनेक पुरूस्कार प्राप्त करने हेतु सम्मानित किया जावेगा।

पीपुल्स समाचार

गजल सम्राट अश्वनी आएंगे

पीपुल्स संवाददाता, छिंदवाड़ा

निनाद ललित कला समिति के अध्यक्ष आनंद बक्षी ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गीत गजल संख्या 28 फरवरी दिन शुक्रवार रात्रि 9 बजे स्थानीय लालबहादुर शास्त्री स्कूल स्टेडियम के सामने आयोजित की गई है। इस वर्ष इस कार्यक्रम में हिन्दुस्तान के मशहूर गजल गायक अश्वनी कुमार अपनी प्रस्तुति देंगे।

उनके साथ एसआर शिवलीकर सितार इकबाल अहमद गिटार तथा तबला संगत सतीश मिश्रा करेंगे। आनंद बक्षी ने बताया कि इस अवसर पर छिंदवाड़ा की माटी को अपनी कृतित्व शक्ति से गौरवांवित करने वाली विभूतियों का सम्मान होगा तथा स्वर्गीय नजीरूद्दीन चर्चा की स्मृति में बाल प्रतिभा को सम्मानित किया जाएगा। आनंद बक्षी ने बताया कि नवीन दुगड़ को कैंसर चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाएगा। विज्ञान के क्षेत्र में डॉ. मेजर राकेश श्रीवास्तव को राष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस के प्रतिनिधित्व, विज्ञान संगोष्ठियों में प्रभावशील उदबोधन के लिए, चिकित्सा डॉ. आरएच बग्गा को उनकी चिकित्सीय सेवाएं रोक्टरी क्लब के माध्यम से स्वास्थ्य शिविरों के सफल संचालन हेतु सम्मानित किया जावेगा।

कई हस्तियां होंगी सम्मानित

दैनिक भास्कर

गजल सम्राट अश्विनी आएंगे 28 फरवरी को

छिंदवाड़ा। निनाद ललित कला समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 13 वां गीत गजल संध्या का कार्यक्रम 28 फरवरी शुक्रवार को रात्रि 9 बजे स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री स्कूल में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में हिन्दुस्तान के मशहूर गजल गायक अश्विनी कुमार अपनी प्रस्तुति देंगे। उनके साथ एसआर शिवलीकर सितार, इकबाल अहमद गिटार तथा तबला संगत सतीश मिश्रा करेंगे। समिति के अध्यक्ष आनंद बक्षी ने बताया कि इस अवसर पर शहर की जानी मानी विभुतियों का सम्मान होगा। स्व. नजीरूद्दीन चाचा की स्मृति में बाल प्रतिभा भी सम्मानित होगी। इस अवसर पर नवीन दुगड़ को कैंसर चिकित्सा, राकेश श्रीवास्तव को विज्ञान के क्षेत्र में, चिकित्सा एवं समाज सेवा के लिए डा. एचआर बग्गा, महिला उत्थान के लिए विस्मिता शाह एवं उर्दू साहित्य के क्षेत्र में मो. युनूस का सम्मान किया जाएगा। वहीं बाल प्रतिभा में तरंग सिंह परिहार के मार्शल आर्ट में स्वर्ण पदक के लिए सम्मानित होगा। समिति के आशीष त्रिपाठी, राशिद खान, हाजो नसीमुददीन, जेड अली, राजू निमाड़े, सुरेश डेहरिया ने सभी संगीत प्रेमियों से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।